SURYA FOUNDATION

# सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना

मासिक ई पत्रिका अंक 25

जून-2022

## चयनित आदर्श गाँव



### मेरा गाँव मेरा बड़ा परिवार

योग एक तरह की रचनात्मकता है, जो लोगों के शरीर और मस्तिष्क को जोड़ती है। योग और ध्यान लगातार करने से हमें अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। योग का अभ्यास व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण में सहायता करता है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्ष मित्रों का सम्मान : नांदियाकल्ला, राजस्थान

गाँव नांदियाकल्ला में सूर्या फाउण्डेशन तथा गोसाईं ग्राम विकास सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्ष मित्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नागा बाबा श्री श्री 108 लालपुरी जी महाराज (अध्यक्ष श्रीगोपाल गोसाईं गौशाला) तथा डॉक्टर आनंद कृष्णन (आईआईटी जोधपुर उन्नत भारत अभियान के रीजनल हेड), राजेश भाई (इंजीनियर एज्यूरो पावर प्लांट) एवं सरपंच जसवंत सिंह भाटी जी द्वारा महाराणा प्रताप जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं तिलक कर किया गया। **मुख्य अतिथि डॉ. आनंद कृष्णन जी ने कहा कि भारत की परंपरा प्रकृति का संरक्षण कर इसका संवर्द्धन करने की रही है। उन्होंने इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों को संकल्प कराया कि हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं।**

राजेश भादू ने कहा कि नांदियाकल्ला के ग्रामवासियों के सहयोग एवं सूर्या फाउण्डेशन के मार्गदर्शन में पर्यावरण की दिशा में किया गया कार्य बहुत ही अनुकरणीय है। आईआईटी जोधपुर द्वारा पेड़ों के लिए बूंद-बूंद सिंचाई के माध्यम से लंबे समय तक नमी रहे, इस प्रकार के यंत्र भी दिए गए। जोधपुर के भामाशाह श्री भेरूलाल सोनी एवं उनकी मित्र मंडली ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर गाँव नांदियाकल्ला में वृक्षारोपण के लिए 21000/- रुपये उपलब्ध करवाए। जिसका उपयोग आगामी आने वाले दिनों में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वृक्ष लगाने के रूप में किया जाएगा। ग्राम सरपंच जसवंत सिंह भाटी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं अतिथियों के साथ में वृक्षारोपण भी किया।

**"पेड़ लगाकर करें पर्यावरण की सुरक्षा,
तभी तो होगी अपने जीवन की रक्षा।।"**







**अन्य कार्य :-**

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम किया गया जिसमें 280 संख्या रही।
- विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम किया गया, जिसमें 27 लोग रहे।
- रमा स्वयं सहायता समूह का खाता खोला गया।
- 42 महिलाओं को मूंग का बीज वितरित किया गया।

DOCUMENTARY

Facebook

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु गौ-उत्पाद प्रशिक्षण : कादीपुर, काशी

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के तहत काशी क्षेत्र के अंतर्गत आदर्श गाँव कादीपुर में तीन दिवसीय गौ-उत्पाद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षण लेने वाली दीपक ग्राम संगठन (आजीविका मिशन) की कुल 30 महिलाएं रहीं। सूर्या फाउण्डेशन के जोन प्रमुख श्री भरत राज ओझा जी, चयनित आदर्श गाँव प्रमुख श्री विकास जी, ट्रेनर श्री संजय जी के मार्गदर्शन में शिविर सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। **प्रशिक्षक श्री संजय जी ने गोबर, गौमूत्र से बनाए जाने वाले अलग-अलग उत्पाद बनाना सिखाया। जैसे- धूपबत्ती, गौनायल, अग्निहोत्र के लिए उपले, साबुन, उबटन, मंजन, दीपक, समरानी कप आदि, जिससे सभी बहनें अपने गाँव में ही रोजगार कर सकें।** प्रशिक्षण लेने के तुरंत पश्चात सभी महिलाओं ने अपनी टीम के साथ यह निर्णय लिया कि हम सभी गौ-उत्पाद से बने सामग्री को और ज्यादा से ज्यादा बनाकर अपने गाँव के आसपास सरकारी दफ्तरों में इसका प्रचार प्रसार करेंगे। जो हमारी आय का एक जरिया बनेगा। धीरे धीरे हम सभी लोग गौ उत्पाद से बनी चीजों को बेचकर अधिक से अधिक पैसा कमाने का काम करेंगे। सभी महिलाओं ने सूर्या फाउण्डेशन को बहुत धन्यवाद दिया।




**अन्य कार्य :-**

- 21 जून योग दिवस का कार्यक्रम किया गया, जिसमें 300 लोग उपस्थित रहे।
- गाँव के 25 किसानों का किसान सम्मान निधि E-KYC कराया गया।
- 10 वृद्ध महिलाओं के पेंशन योजना की पुनः चालू करने हेतु KYC करायी गयी।



# चयनित आदर्श गाँवों में आयोजित की




घर में पड़े कबाड़ को काट-छाँटकर समुचित तरीके से उपयोग की वस्तु बनाना ही कबाड़ से जुगाड़ है। सूर्या फाउण्डेशन द्वारा देशभर के लगभग 7500 बच्चों को संस्कार केन्द्र के माध्यम से प्रतिदिन कुछ न कुछ नया सिखाया जा रहा है जिससे इनके सर्वांगीण विकास में वृद्धि हो रही है। कुछ बच्चे ऐसे होते हैं जो कबाड़ से जुगाड़ में माहिर होते हैं और कई प्रकार की वस्तुओं का निर्माण खेल-खेल में ही कर डालते हैं। बच्चों को कुछ नया सिखाने के लिए थोड़ा ही प्रयास करें तो बच्चे स्वयं आगे आते हैं और नया सीखते हैं और अपने लक्ष्य में सफल भी होते हैं।

**हम सब ने यह ठाना है, पॉलिथीन मुक्त गांव बनाना है।**

इस वर्ष भी सूर्या फाउण्डेशन द्वारा देशभर के चयनित 10 आदर्श गाँवों में कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों नें घर में पड़ी खराब वस्तुओं के सहयोग से कुछ नया बनाने का कार्य किया। बच्चों की उत्सुकता के लिए प्रत्येक गाँव में सबसे अच्छी



# गयी 'कबाड़ से जुगाड़' प्रतियोगिता

वस्तु बनाने वाले भैया या बहन को पुरस्कृत भी किया गया। जिससे बच्चों में प्रतियोगिता के प्रति रुचि बढ़े और सबसे अच्छा करने का प्रयास करें। इस प्रयोग में 10 आदर्श गाँव के 250 बच्चों नें हिस्सा लिया और सभी ने कुछ न कुछ नया बनाया। जैसे पुरानी पड़ी तख्ती, खराब कागज, समाचार पत्र, आईसक्रीम की स्टिक, पुराने पेन, खराब खिलौने आदि के उपयोग से उपयोगी सामग्री बनाई गई।

कहते हैं बच्चों का मन निर्मल होता है लेकिन कुछ नया सोचने की बात करें तो बच्चों के विचार के आगे अच्छों-अच्छों की बोलती बन्द हो जाती है। इस बार भी यही देखने को मिला। किसी ने टेबल पर रखने के लिए पेन-स्टैण्ड बनाया तो कई बच्चों ने कपड़े पर ऐसी पेंटिंग बनाई जो हरएक के मन को भाई। बच्चों के परिजनों ने भी बच्चों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रशंसा की और ऐसी एक्टिविटी नियमित रूप से करने का आग्रह भी किया।



**मेरा गांव – प्यारा गांव**
**स्वच्छ गांव – सुंदर गांव**
**'मेरा गांव – बड़ा परिवार'**



# किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन : बसई, उत्तराखण्ड




सूर्या फाउण्डेशन द्वारा आदर्श गाँव बसई का मंझरा में किसान गोष्ठी का आयोजन कर लोगों को जागरुक किया गया। मिट्टी की उर्वरक शक्ति को बढ़ाने एवं लोगों को बीमार होने से बचाने एवं फसल बीमा के लाभ की जानकारी भी दी गयी, जिसमें मुख्य अतिथि श्री ओमपाल जी (कृषि विकास खण्ड प्रभारी), श्री कोली जी (जे.एस. उद्यान निरीक्षक), डॉ. नरेंद्र लाल जी (पशु चिकित्सा अधिकारी) उपस्थित रहे।

उपस्थित सभी किसान भाइयों को संबोधित करते हुए श्री ओमपाल जी ने बताया कि पहले किसान जैविक तरीके से ही खेती करते थे। वह पौष्टिक होता था। लोग बीमार नहीं होते थे। हमें अपने खेत को बंजर होने से बचाने के लिए पशुपालन को अपनाना पड़ेगा एवं रासायनिक खाद की जगह पर ऑर्गेनिक खाद का उपयोग करना चाहिए एवं सभी किसान भाईयों को भी जैविक खेती के लिए एक दूसरे को प्रेरित करना चाहिए। जिससे कि हम शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन ग्रहण कर सकें।

**कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री कोली जी ने बताया कि हम सभी किसान भाइयों को अपने फसल का बीमा अवश्य कराना चाहिए। जिससे यदि किसी भी प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना से फसल नष्ट/बर्बाद होती है, तो हमें सरकार से उस फसल की भुगतान राशि मिल सके। बीमा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में कुल 40 किसान उपस्थित रहे।**



# नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर : मूण्डला, मध्य प्रदेश




सूर्या फाउण्डेशन द्वारा देशभर में अपने कार्ययुक्त गाँवों में समय-समय पर पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। गाँवों में किसान और पशु एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसलिए पशुओं के स्वास्थ्य की चिंता करना भी किसानों और सरकार की जिम्मेदारी है। जो किसान सक्षम होते हैं, वे अपने पशुओं का इलाज करा लेते हैं। लेकिन जो किसान आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होते हैं ऐसे किसानों को अपने पशुओं का ईलाज कराने में समस्याएं आती हैं। सरकार भी समय-समय पर गाँवों में पशु स्वास्थ्य के लिए कैम्प का आयोजन करती है, लेकिन जागरूकता न होने के कारण ज्यादातर पशुपालक इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं।

इसी अभियान को आगे बढ़ाने के लिए सूर्या फाउण्डेशन भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत सूर्या फाउण्डेशन द्वारा आदर्श गाँव मूण्डला में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गाँव के 110 पशुओं का उपचार किया गया। इसमें गलघोंटू, खुरपका, बुखार आदि बीमारियों का इलाज किया गया। साथ ही पशुओं की पाचन शक्ति एवं दूध बढ़ाने जैसी कई दवाइयाँ नि:शुल्क पशुपालकों को दी गयीं। इस पशु चिकित्सा शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी श्री निखिल जी (गोफनिक), श्री रवि पांचाल जी (पशु चिकित्सक), श्री शिवराज वर्मा (पशु चिकित्सक) मौजूद रहे।



# कबीर जयंती पर सामाजिक सद्भावना कार्यक्रम, पेण्ड्री–छत्तीसगढ़

आदर्श गाँव पेण्ड्री, राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़) में सूर्या फाउण्डेशन कई वर्षों से अपने 5 आयामों को लेकर कार्य कर रहा है, जिसमें सद्भावना भी एक है। पिछले कई वर्षों से गाँव के लोग दो अलग-अलग विचारधारा में बंटे थे। संस्था द्वारा अथक परिश्रम से सभी को एक मंच पर लाने का कार्य किया गया। जिसके फलस्वरूप ऐतिहासिक कबीर आश्रम पर समस्त संत महंत एवं भक्तों की पावन गरिमामय उपस्थिति के साथ वृहद रूप से सदगुरू कबीर साहेब जी की जंयती मनाई गई।




कार्यक्रम में परम पूज्य महात्मा श्री लेखचंद साहेब जी ज्योति कुंज कबीर आश्रम मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग अपने संत मंडली के साथ पधारे और सत्संग-भजन प्रवचन एवं सात्विक आनंदी चौंका आरती संपन्न हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में ध्वजा रोहण कर पूजा अर्चना एवं गुरु महिमा पाठ का प्रारंभ किया गया। परम पूज्य महात्मा श्री लेखचंद साहेब जी ने कहा कि संत कबीर दास भक्तिकाल के एकमात्र ऐसे कवि हैं, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज सुधार के कार्यो में लगा दिया। कबीर कर्म प्रधान कवि थे, इसका उल्लेख उनकी रचनाओं में देखने को मिलता है। कबीर का संपूर्ण जीवन समाज कल्याण एवं समाज हित में उल्लेखनीय है।

**अन्य कार्य :-**

- विश्व योग दिवस पर कार्यक्रम किय गया जिसमें गाँव के 370 लोगों ने भाग लिया।
- शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्री एवं शासकीय प्राथमिक शाला अन्य नवागांव स्कूल में राजीव युवा मितान क्लब, ग्राम पंचायत और सूर्या फाउण्डेशन युवा संगठन के द्वारा शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें 80 बच्चों को पाठ्य सामग्री कॉपी, पुस्तक, पेन आदि वितरित किये गए।
- ग्राम विकास और योग समिति का गठन कर बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें सूर्या फाउण्डेशन दिल्ली से आये श्री गजानन जी उपस्थित रहे।



DOCUMENTARY

Facebook

विदिशा जिले के गांव सलोई में युवाओं और बच्चों में धार्मिक जागृति आई है। युवाओं में अपने धर्म के प्रति लगाव बढ़ा है, युवाओं ने मिलकर गाँव के मंदिर प्रांगण में लगे टीन शेड की मरम्मत का कार्य पूरा किया है। इससे मंदिर में पर्याप्त जगह हो गयी है। पहले श्रद्धालुओं को मंदिर के बाहर गर्मी में धूप में और वर्षा के समय पानी में भीगना पड़ता था अब इन सभी समस्याओं से ग्रामीणों को छुटकारा मिला है। साथ ही मंदिर प्रागण में गाँव के सार्वजनिक धार्मिक कार्यक्रम जैसे कन्या भोज आदि के लिए भी पर्याप्त स्थान हो गया है। गाँव में इस प्रकार के कार्य धार्मिक सदभाव और समरसता को दर्शाता है। सभी गाँव वालों ने इस पहल की खूब सराहना की।

**अन्य कार्य : –**

- जल संरक्षण के लिए चार किसानों ने अपने खेतों में डबरियों का निर्माण कराया।

## यूथ क्लब के युवाओं द्वारा टीन शेड मरम्मत का कार्य : सलोई, मध्य प्रदेश



Facebook



विदिशा ( म.प्र. ) जिला कलेक्टर श्री भार्गव जी से मिलकर पौधा भेंट करते हुए सूर्या फाउण्डेशन – आदर्श गाँव योजना टीम

# स्वयं सहायता समूहों को प्रभावशाली बनाने में सहयोग : नयागाँव, हरियाणा

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत चयनित आदर्श गाँव नयागाँव में शिव बाबा स्वयं सहायता समूह पिछले 5 वर्षों से कार्य कर रहा है। गाँव में 9 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। जिसकी नियमित बैठक शुरु करायी गयी। सरकार की ओर से सभी समूहों को आर. एफ. फण्ड दिलाया गया। शिव बाबा स्वयं सहायता समूह को 2 लाख रुपये का लोन दिलाया गया। जिसके फलस्वरूप कई महिलाओं ने स्वरोजगार शुरू किया। समूह के कार्य को देखकर बैंक ने 3 लाख रुपये का लोन पुनः स्वीकृत किया जिससे स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ अपने कार्य को बढ़ाने में पैसे का उपयोग कर रही हैं। एक महिला भैंस पालकर प्रतिमाह 4-6 हजार रुपये का दूध बेच लेती है। दो महिलायें गौ-पालन कर रही हैं जिससे उनकी मासिक आय 3-5 हजार रुपये है। एक महिला परचून की दुकान से महीने में लगभग 4 हजार रुपये कमा लेती है। एक महिला ने कपड़े की दुकान खोली है जिसमें उनकी मासिक आय 8-10 हजार रुपये है।







सूर्या संस्कार केन्द्र-नयागाँव में बच्चों के साथ कैलाश पंडित जी (सर्वोदय फाउण्डेशन)



पर्यावरण दिवस पर समूह के सदस्यों के साथ वृक्षारोपण करते हुए

# ग्रामीणों को दिलाया गया सरकारी योजनाओं का लाभ : फफूँडा, मेरठ



नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (NSSO) द्वारा शिक्षा पर किये गए सर्वे के अनुसार भारत में केवल 6 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास घर में एक कम्प्यूटर है। जिसका मतलब है 15 करोड़ से ज्यादा परिवारों के पास कंप्यूटर नहीं है। इन सभी बातों को देखते हुए केंद्र सरकार ने ग्रामीण लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान को शुरु किया। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों में डिजिटल जागरुकता व शिक्षा को बढ़ावा देना है।

ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत परिवारों के एक सदस्य को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए फाउण्डेशन ने CSC के माध्यम से गाँव के 110 युवाओं का PM Disha Portal पर पंजीकरण करवाया। पंजीकृत युवाओ को इंटरनेट तथा डिजिटल उपकरणों की जानकारी प्रदान करने के लिए PMDISHA के तहत आगामी दिनों प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसमें युवाओ को कम्प्यूटर, स्मार्टफोन और इंटरनेट की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही ई-मेल कैसे भेजें, कैसे रिसीव करें? ऑनलाइन पेमेंट, सरकारी ऑनलाइन पोर्टल आदि का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इसके साथ ही किसान सम्मान निधि योजना से 180 किसान परिवारों को जोड़ा गया।




DOCUMENTARY

Facebook

# नांदिया कलां में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवज्योति/सोयला।

नांदियां कलां विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सूर्या फाउंडेशन तथा गोंसाई ग्राम विकास एवं सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण किया गया तथा पर्यावरण क्षेत्रों में काम करने वाले बंधुओं को सम्मानित किया गया।

प्रकाश सोनी सचिव महाराणा प्रताप क्लब ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर वृक्ष मित्रों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की प्रारंभ नागा बाबा लालपुरी महाराज अध्यक्ष श्री गोपाल गोसाई गौशाला, डॉ. आनंद कृष्णन आईआईटी जोधपुर उन्नत भारत अभियान के रिजनल हेड, राजेश भादू इंजीनियर एन्युरो पावर प्लांट, जसवंत सिंह भाटी सरपंच नांदिया कलां ने दीप प्रज्ज्वलन किया। डॉ. आनंद कृष्ण ने कहा कि भारत की परंपरा प्रकृति का संरक्षण कर इसका समर्थन करने की रही है। पर्यावरण दिवस के अवसर पर संकल्प लें कि हम प्रकृति के हित में कार्य करेंगे। राजेश भादू ने कहा कि नांदिया कलां के ग्रामवासियों



मिलता रहेगा। आईआईटी जोधपुर के द्वारा पेड़ों के लिए बूंद-बूंद सिंचाई के माध्यम से लंबे समय तक नमी रहे इस प्रकार के दो यंत्र वृक्षों में लगाए गए। जोधपुर के भामाशाह भैरू लाल

महाराज, डॉक्टर आनंद कृष्णन, युवा सरपंच जसवंत सिंह भाटी, राजेश भादू, अशोक विश्नोई, राजेंद्र सिंह भाटी, वार्ड पंच बाबूलाल सिंघवी, योगेश शर्मा स्कॉलर आईआईटी, निर्मल गहलोत

## तीन दिवसीय उत्पाद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**काशी विद्यापीठ।** कादीपुर गांव में तीन दिवसीय गौ उत्पाद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया गया। सूर्या फाउंडेशन के जॉन प्रमुख भारत राज ओझा एवं टेन आइडियल विलेज के प्रमुख विकास गौ उत्पाद प्रशिक्षण शिविर के प्रमुख संजय एवं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब ग्राम संगठन के अध्यक्ष माधुरी, सुमन गुप्ता, साधना, नगीना, सूर्या बाल यूथ क्लब के टीचर सुरेंद्र, एफसी दीपचंद कुमार बिंद एवं गांव के और भी बहने उपस्थित रहे। जिसमें कादीपुर गांव की दीपक ग्राम संगठन आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाएं एवं सूर्या सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की पांच बहने और बाल संस्कार केन्द्र 20 भैया ने गौ उत्पाद शिविर में प्रशिक्षण में भाग लिए। प्रशिक्षण शिविर में पहले दिन धूपबत्ती, अग्निहोत्र, उपले आदि सामग्री बनाना सीखे।

## पर्यावरण दिवस पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लगाए पौधे

बहादुरगढ़ (वि.): सूर्या फाउंडेशन योजना के अंतर्गत आदर्श गांव नयागांव में शिव शक्ति स्वयं सहायता समूह की प्रधान रेखा, सरोज, गुड्डी, सुदेश और सूर्या फाउंडेशन से 10 आइडियल विलेज प्रमुख विकास विश्वकर्मा ने पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया।

कवल कुमार ने बताया कि मनुष्य और पर्यावरण एक-दूसरे से जुड़े हुए है। किसी एक के अभाव में दूसरे की कल्पना नहीं की जा सकती है। पर्यावरण के बचाव के लिए हम सभी को जागरूक होना होगा।

उन्होंने का कि दिन-प्रतिदिन पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है।



बहादुरगढ़ के नयागांव में पौधारोपण करती महिलाएं। • विज्ञप्ति

इसके संरक्षण के लिए पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। सभी को पर्यावरण बचाने के लिए पौधे लगाने चाहिए और देखभाल करनी चाहिए।